डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-23, अंक-05/06, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित 20/27 अगस्त 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, निःशुल्क

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को संबोधित किया

# स्वतंत्रता दिवस...भारत माता को नमन, वीरों को सलामी

छत्तीसगढ़ में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन में राज्य विकास के रोडमैप की झलक दिखी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज़ादी का यह अमृतकाल छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भरता और विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर है। किसानों से लेकर युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों तक सभी के लिए राज्य सरकार ने ऐतिहासिक पहल की है। "छत्तीसगढ़ अंजोर–विजन @2047" के माध्यम से प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और पर्यटन में अग्रणी बनाने का रोडमैप तय किया गया है। छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य है जिसने विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है। इसमें हमने निकटवर्ती, मध्यवर्ती और दीर्घकालीन लक्ष्य रखे हैं। इन्हें प्राप्त करने हमने सामाजिक आर्थिक विकास के 13 थीम चुने हैं और इनके क्रियान्वयन के लिए 10 मिशन तैयार किये हैं। साथ ही "रायपुर में शीघ्र ही पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे पुलिस-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।"

### आज़ादी के बाद पहली बार बस्तर के 29 गांवों में लहराया तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों के 29 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सुरक्षा बलों के त्याग, सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और ग्रामीणों की उम्मीद ने मिलकर नक्सलवाद के गढ़ माने जाने वाले इलाकों में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। सुरक्षा बलों के साहस, राज्य और केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सबसे बढ़कर ग्रामीणों के धैर्य और विश्वास से संभव हुआ है।

*स्रोत : https://dprcg.gov.in/*




### किसान सम्मान निधि : अन्नदाताओं का गौरव

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त किसानों के खातों में पहुँची।
- यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के परिश्रम को नमन है।
- छत्तीसगढ़ के लाखों किसान योजना से प्रत्यक्ष लाभान्वित।
- खेती को लाभकारी बनाने हेतु- सिंचाई सुविधाओं का विस्तार।
- बीज और खाद की सुगम आपूर्ति।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी।
- आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को "एग्रीकल्चर हब" बनाने का लक्ष्य।

### छत्तीसगढ़ अंजोर: विजन @2047

- सरकार केवल वर्तमान नहीं, बल्कि आने वाले 22 वर्षों की ठोस योजना पर काम कर रही है।
- "छत्तीसगढ़ अंजोर–विजन @2047" के तहत मुख्य लक्ष्य-
- शिक्षा , स्वास्थ्य, उद्योग और पर्यटन में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाना।
- गाँव से शहर तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल कनेक्टिविटी।
- प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग कर हरित विकास।
- आने वाली पीढ़ियों के लिए आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ की नींव रखना।

### पर्यटन और संस्कृति : अद्भुत, अतुल्य छत्तीसगढ़

- छत्तीसगढ़ केवल खनिज संपदा ही नहीं, बल्कि संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का भी धनी।
- रायपुर का आधुनिक स्वरूप।
- बस्तर के जलप्रपात।
- सरगुजा की पहाड़ियाँ।
- दंतेवाड़ा का आदिवासी संग्रहालय।
- "अद्भुत, अतुल्य दंतेवाड़ा" जैसे अभियान से पर्यटन को नई पहचान।
- पर्यटन से युवाओं को रोजगार के अवसर।




### शिक्षा और स्वास्थ्य : विकास की धुरी

- शिक्षा में अवसर की समानता को प्राथमिकता।
- नालंदा परिसरों और केंद्रीय लाइब्रेरियों का विस्तार, अब दूरस्थ अंचलों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा।
- तकनीक आधारित शिक्षा से युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना।
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार-
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक उन्नयन।
- गरीब और वंचित वर्ग को मुफ्त उपचार और दवाइयाँ।
- मातृ–शिशु स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता।

### जिला–ब्लॉक स्तर पर विकास

- विकास केवल राजधानी रायपुर तक सीमित नहीं।
- महासमुंद, बस्तर, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर में नई सड़कें और पुलों का निर्माण।
- आदिवासी अंचलों में पेयजल और सिंचाई योजनाओं को गति।
- युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र खोले जा रहे हैं।
- महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सहायता।
- हर गाँव तक सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और इंटरनेट की सुविधा पहुँचाना ही वास्तविक विकास।

**मंत्रिपरिषद के निर्णय**

## नवा रायपुर में आईटी उद्योग को बढ़ावा, बीपीएल को चना वितरण

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेशहित में अहम फैसले लिए गए।

### बीपीएल को चना वितरण

राज्य के अनुसूचित क्षेत्र और माड़ा पॉकेट क्षेत्र में निवासरत अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हर माह वितरित किए जाने वाले 2 किलो चना की आवश्यक मात्रा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा NeML ई-ऑक्शन प्लेटफार्म से खरीदी जाएगी। यह खरीदी वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 0.25 प्रतिशत या उससे कम ट्रांजैक्शन/सर्विस चार्ज पर की जाएगी। जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों को चना नहीं मिल पाया है, उन्हें पात्रतानुसार दिसंबर 2025 तक वितरण पूरा कर दिया जाएगा।

### आईटी उद्योग को बढ़ावा

मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी (IT/IITS) उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि रियायती प्रीमियम दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है।

**मंत्रिमंडल का विस्तार**

## कैबिनेट में तीन नए मंत्री शामिल

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने तीन विधायकों गजेन्द्र यादव, मंत्री (स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य) गुरू खुशवंत साहेब, मंत्री (कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास) राजेश अग्रवाल, मंत्री (पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व) को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, वरिष्ठ मंत्रीगण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**आदि कर्मयोगी अभियान**

## 17 सितंबर से चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक "आदि कर्मयोगी अभियान" चलाया जाएगा। आदिवासी अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। अभियान में 28 जिलों, 128 विकासखंडों और 6,650 आदिवासी बहुल ग्राम शामिल होंगे। ग्राम स्तर पर 1.33 लाख से अधिक कैडर तैयार कर आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी सुविधाएं पहुँचाई जाएंगी।

**शिक्षा क्रांति**

सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे दूरस्थ शहरों में भी खुलेंगी सेंट्रल लाइब्रेरी

# सुकमा से सूरजपुर तक, शिक्षा का नया सफर, बनेंगे 34 नालंदा परिसर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की है। राज्य के 34 शहरों और कस्बों में अत्याधुनिक नालंदा परिसर बनाए जाएंगे। यह पहल सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर जैसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक पहुंचेगी, ताकि हर युवा को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का समान अवसर मिल सके।

### 500 और 250 सीटर लाइब्रेरी

- 500 सीटर नालंदा परिसर: दुर्ग, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर, बिलासपुर, भिलाई, जशपुर, लोरमी, गरियाबंद
- 250 सीटर नालंदा परिसर: धमतरी, चिरमिरी, कवर्धा, जांजगीर-नैला, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कांकेर, नारायणपुर, बलरामपुर, मुंगेली, खैरागढ़, सक्ती, पेंड्रा, सारंगढ़, सूरजपुर, बैकुंठपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कुनकुरी, बसना, अंबागढ़-चौकी

### नालंदा परिसर रायपुर



### हर वर्ग के युवा होंगे लाभान्वित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नालंदा परिसरों के लिए 237 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 2025-26 में 18 परिसरों के लिए 125 करोड़ 88 लाख रुपए और 2024-25 में 15 परिसरों के लिए 111 करोड़ 70 लाख रुपए मंजूर हुए। 11 परिसरों की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण का आदेश जारी कर दिया गया है।

*स्रोत : https://dprcg.gov.in/*

## पिक ऑफ द वीक




नक्सलगढ़ में लहराया तिरंगा

आजादी के 78 साल बाद बस्तर के उन गांवों में तिरंगा शान से लहराया, जहाँ अब तक नक्सलियों का लाल झंडा ही ताकत और खौफ का प्रतीक माना जाता था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों के 29 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। दशकों से बंदूकों की डर के साए में जी रहे इन गांवों में तिरंगे का फहराया जाना केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बदलते बस्तर की ऐतिहासिक तस्वीर है।

## जॉब अलर्ट

**आरपीएससी**
पदः असिस्टेंट एग्री. इंजीनियर
पद संख्याः 281
अंतिम तिथिः 26 अगस्त
rpsc.rajasthan.gov.in

**यूपी-टीजीटी**
पदः असिस्टेंट लेक्चरर
पद संख्याः 7466
अंतिम तिथिः 28 अगस्त
www.uppsc.up.nic.in

**चंडीगढ़ शिक्षा विभाग**
पदः जूनियर बेसिक शिक्षक
पद संख्याः 218
अंतिम तिथिः 28 अगस्त
www.ssachd.nic.in


**सीसीआरएएस**
पदः एलडीसी सहित अन्य
पद संख्याः 394
अंतिम तिथिः 31 अगस्त
https://ccras.nic.in/

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
पदः असिस्टेंट इंजीनियर अन्य
पद संख्याः 153
अंतिम तिथिः 1 सितंबर
hpsc.gov.in

**इंडियन नेवी**
पदः ट्रेडसमैन
पद संख्याः 1266
अंतिम तिथिः 2 सितंबर
www.indiannavy.gov.in

**राजस्थान लोक सेवा आयोग**
पदः वेटनरी ऑफिसर
पद संख्याः 1100
अंतिम तिथिः 3 सितंबर
rpsc.rajasthan.gov.in

## छत्तीसगढ़ संदर्भ



बस्तर जिला


- **भौगोलिक क्षेत्रः 6596.90** वर्ग किमी
- **कुल विधानसभा सीट : 3** (बस्तर,जगदलपुर, चित्रकोट)
- **तहसील की संख्या : 10** (जगदलपुर, नानगुर, बस्तर, भानपुरी, बकावण्ड, करपावण्ड, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल, बास्तानार, दरभा)
- **विकासखण्ड : 7** ( जगदलपुर, बस्तर, बकावण्ड, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल, बास्तानार, दरभा)
- **जनपद पंचायत : 7** ( जगदलपुर, बस्तर, बकावण्ड, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल, बास्तानार, दरभा)
- **नगर पंचायतः 1** (बस्तर)
- **नगर निगम : 1** ( जगदलपुर,)
- **गाँवः 595**
- ग्राम पंचायतः **433**
- **पुलिस स्टेशनः 13**

स्त्रोत : *https://bastar.gov.in/*

# छत्तीसगढ़ में 'गौधाम योजना' की शुरुआत
# पशुधन संरक्षण व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा संबल

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा – "हर गांव में पशुधन की सुरक्षा, हर किसान के जीवन में खुशहाली"

मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार 'गौधाम योजना' की शुरुआत करने जा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार तक सीमित नहीं, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के लिए एक नया द्वार खोलेगी। गौधाम योजना के तहत चरवाहों को 10,916 रुपए प्रतिमाह और गौसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही मवेशियों के चारे के लिए प्रतिदिन निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गौधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए पहले वर्ष 10 रुपए प्रतिदिन, दूसरे वर्ष 20 रुपए प्रतिदिन, तीसरे वर्ष 30 रुपए प्रतिदिन और चौथे वर्ष 35 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। योजना के लिए बजट, नियम और शर्तें तय कर दी गई हैं, ताकि संचालन में किसी तरह की परेशानी न हो।



### अवैध तस्करी और घुमंतु पशुओं पर विशेष ध्यान

राज्य में अंतरराज्यीय सीमाओं पर अवैध तस्करी के मामलों में जब्त किए गए गौवंशीय पशुओं और घुमंतु पशुओं के संरक्षण हेतु यह योजना विशेष रूप से बनाई गई है। प्रत्येक गौधाम में अधिकतम 200 पशुओं को रखने की क्षमता होगी।

### गौधाम की स्थापना – चयन प्रक्रिया

- केवल वही शासकीय भूमि चुनी जाएगी जहाँ सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पानी और बिजली की सुविधा हो।
- जिन गौठानों में पहले से आधारभूत ढांचा मौजूद है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
- संचालन के लिए पंजीकृत गौशालाएं, स्वयंसेवी संस्थाएं, एनजीओ, ट्रस्ट, किसान उत्पादक कंपनियां और सहकारी समितियां पात्र होंगी।

### "गौधाम" प्रशिक्षण और उद्योग का केंद्र

हर गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा, जहाँ ग्रामीणों को गौ-आधारित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा—केंचुआ खाद, कीट नियंत्रक, गौ-काष्ठ, गोनोइल, दीये, अगरबत्ती, दंतमंजन इत्यादि।

### "गौधाम योजना" योजना का उद्देश्य

- वैज्ञानिक पद्धति से गौवंशीय पशुओं का संरक्षण और संवर्धन।
- चारा विकास, जैविक खेती और गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देना।
- पशु दुर्घटनाओं और फसलों को होने वाले नुकसान में कमी लाना।
- चरवाहों और गौसेवकों को नियमित व स्थायी आय का स्रोत उपलब्ध कराना।

### उत्तर प्रदेश में 8,800 ईसीसीई शिक्षक पदों पर भर्ती

उत्तर प्रदेश सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 75 बाल वाटिकाओं में 8,800 ईसीसीई शिक्षक पदों पर 11 माह के अनुबंध पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी की है। अभ्यर्थी 30 सितंबर 2025 तक sewayojan.up.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं। पात्रता में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गृह विज्ञान में 50% अंकों सहित स्नातक तथा एनसीटीई मान्यता प्राप्त नर्सरी/एनटीटी/सीटी नर्सरी का 2 वर्षीय डिप्लोमा अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग को छूट। चयन मेरिट के आधार पर होगा, मानदेय 10,313 रुपए मासिक मिलेगा।

### आईजीआई एविएशन सर्विसेज में 1,446 पदों पर भर्ती

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एविएशन सर्विसेज ने 1,446 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। आवेदन 21 सितंबर 2025 तक igiaviationdelhi.com पर किए जा सकते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ हेतु 12वीं पास और लोडर्स हेतु 10वीं पास योग्यता अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष है। चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। ग्राउंड स्टाफ का वेतन 25,000 रुपए और लोडर्स का 15,000-25,000 रुपए प्रतिमाह होगा। आवेदन शुल्क क्रमशः 350 और 250 रुपए निर्धारित है।

### रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 3115 पद, आवेदन 13 सितंबर तक

रेलवे रिक्रूटमेंट सेल, ईस्टर्न रेलवे ने अप्रेंटिसशिप के 3115 पदों पर भर्ती निकाली है। दसवीं और आईटीआई पास युवा 13 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 15 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन हेतु न्यूनतम 50% अंकों के साथ 10वीं पास और एनसीवीटी/एससीवीटी से संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार rrcer.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया और अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध अधिसूचना देख सकते है।

### स्टाफ नर्स के 225 पदों पर भर्ती, आवेदन 3 सितंबर तक

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने स्टाफ नर्स के 225 पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर 2025 तय की गई है। व्यापमं की ओर से 21 सितंबर को परीक्षा आयोजित होगी। यह भर्ती रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभागों के लिए होगी। बस्तर में सबसे अधिक 58 पद, सरगुजा में 57, बिलासपुर व रायपुर में 55-55 पद शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और सब-पीएचसी में की जाएगी। अभ्यर्थी व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**रोजगार और नियोजन**

प्रधान संपादक
**डॉ. रवि मित्तल**
संपादक
**जवाहर लाल दरियो**
उप महाप्रबंधक (विपणन)
**नितिन शर्मा**
सहायक संपादक
**गीतांजलि नेताम**
संपादकीय
**संदीप सिन्हा**
ग्राफिक डिजाइन-इलेस्ट्रेशन
**धनेश कुमार दिवाकर**
डाटा एंट्री आपरेटर
**अंजुरानी, राकेश साहू**
वितरण व्यवस्था
**विक्रांत ताम्रकार**

- कार्यालय पता -
**छत्तीसगढ़ संवाद**
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

**रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।**

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

# छत्तीसगढ़

### सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को दी 186 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को 186 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद पांडे महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 96 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण और 90 करोड़ रुपये के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर 13.40 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्यों की घोषणा की, जिनमें गौरव पथ निर्माण, गार्डन, पीजी कॉलेज भवन, इंडोर स्टेडियम जीर्णोद्धार, छात्रावास मरम्मत, जिला अस्पताल में मरीज सुविधा कक्ष और बस स्टैंड विकास शामिल हैं।

### बस्तर में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का सफल मॉडल

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर बस्तर संभाग में नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। छह जिला चिकित्सालय, दो सिविल अस्पताल और 41 सीएचसी में डिजिटल पंजीकरण, परामर्श, जांच व दवा वितरण एक मंच पर उपलब्ध हैं। पिछले तीन माह में बस्तर जिला चिकित्सालय में 53% और दंतेवाड़ा में 40% ओपीडी पंजीकरण आभा लिंक से हुए।

### छत्तीसगढ़ में शिक्षा और नवाचार के नए युग की शुरुआत

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ शासन, आईआईएम रायपुर, एनआईटी रायपुर और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के बीच 172 करोड़ रुपये के त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत "श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल नवाचार एवं उद्यमिता उत्कृष्टता केंद्र" की स्थापना होगी, जो शोध, प्रयोग और उद्यमिता को बढ़ावा देगा। आईआईएम और एनआईटी में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित होंगी, 10,000 युवाओं को प्रशिक्षण, 250 स्टार्टअप्स को इनक्यूबेशन और 5,000 नौकरियों का सृजन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल गांव-गांव तक शिक्षा और कौशल विकास की क्रांति पहुंचाकर छत्तीसगढ़ को नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था का अग्रणी राज्य बनाएगी।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क के लिए 195 करोड़ रुपए की स्वीकृति

भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दुर्गम व वनवासी अंचलों में सड़क और आधारभूत संरचना विकास हेतु 195 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की है। यह राशि RCPLWEA योजना के तहत दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, राजनांदगांव, बलरामपुर, कोंडागांव और जशपुर जिलों में ऑल-वेदर सड़क, सेतु व ड्रेनेज संरचना निर्माण पर खर्च होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस स्वीकृति को विकास, विश्वास और स्थायी शांति की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए प्रधानमंत्री और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री का आभार व्यक्त किया। परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों और शासन की पहुंच में व्यापक सुधार होगा।

### जशपुर जिले के बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ



रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ किया और बिहान योजना से जुड़ी 12 महिलाओं को ई-रिक्शा प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण-अनुकूल वाहन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा। कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न रूट्स पर परिचालन की जिम्मेदारी दी गई। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना, आवास योजनाओं, तेंदूपत्ता समर्थन मूल्य वृद्धि और ग्रामीण बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी दी।

### पीएम जनमन योजना के तहत 100 पुलों के लिए 375 करोड़ स्वीकृत

प्रधानमंत्री जनमन योजना (PM-JANMAN) के तहत भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को 375.71 करोड़ रुपये की लागत से 6,569.56 मीटर लंबाई के 100 पुलों की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस निर्णय को पीवीटीजी समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कदम बताया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी कार्यों को फास्ट ट्रैक मोड पर गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शिता के साथ पूरा करेगी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में स्वच्छता दीदियों का सम्मान

बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों की स्वच्छता दीदियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पैर पखारकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता दीदियां और कमांडोज़ केवल सफाई नहीं करतीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत हैं। इस पहल से साफ-सफाई के कार्यों के प्रति समाज में सम्मान और जागरूकता बढ़ेगी। सम्मानित दीदियों ने इसे अपने परिश्रम और निष्ठा का सच्चा पुरस्कार बताया।

### स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर राज्य के 25 पुलिसकर्मियों को पदक

स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल (जीएम), प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस (पीएसएम) और मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (एमएसएम) के लिए घोषित किए हैं।

**गैलेंट्री मेडल (GM) :** असाधारण साहस और उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के लिए छत्तीसगढ़ के 14 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल के लिए घोषित किए गए हैं।

**प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस (PSM) :** लंबे समय तक उच्च कोटि की उत्कृष्ट सेवा के लिए छत्तीसगढ़ के निदेशक हिमांशु गुप्ता का नाम पीएसएम सूची में शामिल किया गया है।

**मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (MSM) :** लगन, अनुकरणीय सेवा और निरंतर योगदान के लिए छत्तीसगढ़ के 10 पुलिसकर्मियों को एमएसएम के लिए चुना गया है।

**समग्र उपलब्धि :** 14 गैलेंट्री मेडल, एक प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 10 मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के सम्मानों में शानदार प्रदर्शन किया है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री ने अमृतसर–कटरा सहित 3 और वंदे भारत की सौगात दी

उत्तर भारत में प्रसिद्ध तीर्थ माता वैष्णो देवी (कटरा) जाने के लिए अमृतसर से नई वंदे भारत ट्रेन उपलब्ध होगी। अन्य दो ट्रेनों में बेंगलुरु–बेलगावी और अजनी (नागपुर) से पुणे की ट्रेन शामिल है। अजनी–पुणे ट्रेन अब तक की सबसे लंबी दूरी (881 किमी) की वंदे भारत ट्रेन है। पीएम ने बेंगलुरु में मेट्रो रेल के फेज-2 के तहत येलो लाइन का भी उद्घाटन किया और मेट्रो फेज-3 की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में 23,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

### सीबीएसई: 9वीं में 2026-27 से ओपन बुक असेसमेंट

सीबीएसई शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 9वीं के विद्यार्थियों के लिए ओपन बुक असेसमेंट लागू करेगा। यह फैसला जून में हुई बोर्ड की शासी निकाय की बैठक में लिया गया है। राष्ट्रीय विद्यालयी शिक्षा पाठ्यक्रम रूपरेखा-2023 में रटकर याद करने की जगह सीखने पर ज़ोर दिया गया है। ओपन बुक असेसमेंट इसी बदलाव का माध्यम बताया गया है। योजना के तहत हर सत्र में भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में होने वाली 3 पेन-एंड-पेपर परीक्षाएं नए फ़ॉर्मेट में होंगी।

### आने-जाने का टिकट एक ही ट्रेन से बुक करने पर किराये में 20% छूट

रेल मंत्रालय ने दिवाली और अन्य त्योहारों के लिए विशेष ऑफर का एलान किया है। इसके तहत आने-जाने का टिकट एकसाथ बुक करने पर वापसी टिकट पर 20 फीसदी की छूट मिलेगी। रेलवे के मुताबिक, इस छूट का फायदा 13 अक्तूबर से 26 अक्तूबर के बीच यात्रा और 17 नवंबर से एक दिसंबर तक वापसी के लिए टिकट बुक करने पर मिलेगा। यह छूट 14 अगस्त से बुक किए गए टिकटों पर लागू होगी।

### नौसेना में शामिल होंगे दो युद्धपोत उदयगिरि और हिमगिरि

भारतीय नौसेना के दो आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट युद्धपोत उदयगिरि (एफ-35) और हिमगिरि (एफ-34) 26 अगस्त को एक साथ नौसेना में शामिल किए जाएंगे। यह पहली बार होगा जब दो बड़े युद्धपोत देश के दो प्रमुख शिपयार्डों से बनकर एक साथ कमीशन होंगे। यह कार्यक्रम विशाखापत्तनम में होगा। उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने बनाया है और इसे 1 जुलाई को नौसेना को सौंपा गया था। वहीं, हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स ऐंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने तैयार किया है। दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17ए (पी-17ए) के तहत बनाए गए हैं।

### रुद्रास्त्र... सात इंजन वाली 4.5 किमी लंबी मालगाड़ी चलाई गई



भारतीय रेलवे ने ग्रैंड कॉर्ड रेल सेक्शन पर माल ढुलाई की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश की अब तक की सबसे लंबी मालगाड़ी 'रुद्रास्त्र' का सफल संचालन किया है। 354 वैगनों और 7 इंजनों से युक्त यह मालगाड़ी 4.5 किलोमीटर लंबी थी। इसका संचालन पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा स्टेशन से गढ़वा रोड स्टेशन तक किया गया।

### पंजाब: सीमा पर ख़ुद का एंटी-ड्रोन टेक वाला पहला राज्य

पंजाब में 9 अगस्त को पाक से ड्रोन के जरिए हो रही हथियार व ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लॉन्च हुआ। इसका नाम 'बाज आंख' है। इसके साथ ही यह सीमा पर ख़ुद का एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात करने वाला पहला राज्य बन गया। पंजाब की पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा है।

### देश में एशियाई शेरों की संख्या बढ़ी पांच साल में 32 प्रतिशत बढ़े

भारत में एशियाई शेरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने 10 अगस्त को विश्व शेर दिवस पर 16वीं शेर जनसंख्या रिपोर्ट जारी की। बीते पांच वर्षों में देश में एशियाई शेरों की संख्या में 32 प्रतिशत की तेजी आई है। जिसके बाद देश में एशियाई शेरों की संख्या बढ़कर 891 हो गई है। बारदा वाइल्डलाइफ सेंचुरी, जेतपुर और आसपास के इलाकों में, बाबरा जसदान और आसपास के इलाकों समेत कुल नौ स्थानों पर एशियाई शेरों की संख्या 497 पाई गई है। वहीं पहली बार कॉरिडोर इलाके में 22 एशियाई शेर पाए गए हैं। सैटेलाइट की मदद से यह गिनती की गई है। साल 2015 में जहां 523 शेर थे, वहीं 2025 में इनकी संख्या बढ़कर 891 हो गई है।

### देश को मिलेगा अपना पहला निजी सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन

देश का पहला स्वदेशी कमर्शियल अर्थ-ऑब्जर्वेशन (ईओ) सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन निजी कंपनियों के हाथों बनेगा। बेंगलुरु की स्पेस-टेक कंपनी पिक्सेल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को इसका कॉन्ट्रैक्ट मिला है। टीम 5 साल में 12 सैटेलाइट लॉन्च करेगी। यह प्रोजेक्ट जियोस्पैशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगा।

### कैबिनेट: तकनीकी शिक्षा में सुधार के लिए 'मेरिट'

केंद्र सरकार ने 8 अगस्त को तकनीकी शिक्षा में सुधार के लिए मल्टीडिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च इम्प्रूवमेंट इन टेक्निकल एजुकेशन (मेरिट) योजना को मंजूरी दी। इसके तहत देशभर के 275 तकनीकी संस्थानों पर अगले चार साल में 4200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें से 2100 करोड़ रुपए वर्ल्ड बैंक से लोन के रूप में लिए जाएंगे। इस योजना से करीब 7.5 लाख छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

### प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार का पोर्टल लॉन्च

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का पोर्टल लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने इसकी जानकारी दी।

### देश में पहली बार रेलवे ट्रैक के बीच सोलर पैनल सिस्टम

वाराणसी में रेलवे ट्रैक के बीच देश की पहली हटाई जा सकने वाली सोलर पैनल प्रणाली शुरू की गई है। 70 मीटर लंबे सिस्टम से 15 किलोवॉट तक बिजली पैदा होगी। इसका इस्तेमाल सिग्नलिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे या ट्रैक के पास की लाइटिंग के लिए किया जाएगा।

स्रोत : pib, newsonair, ptinews, aninews

# अंतरराष्ट्रीय

### पहला वैश्विक एम.एस. स्वामीनाथन खाद्य व शांति पुरस्कार

भारत की हरित क्रांति के जनक प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन की विरासत को ऐतिहासिक श्रद्धांजलि देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त, 2025 को उनके नाम पर एक वैश्विक पुरस्कार - खाद्य एवं शांति के लिए एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार की शुरुआत की है। नए स्थापित पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता नाइजीरियाई वैज्ञानिक डॉ. एडेमोला एडेनले हैं, जिन्हें नाइजीरिया में भुखमरी कम करने में उनके परिवर्तनकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF) और द वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज (TWAS) ने खाद्य एवं शांति के लिए एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार की शुरुआत की।

### भारत और चीन के बीच जल्द शुरू होंगी सीधी उड़ान सेवाएँ

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ़ की बढ़ती चुनौती के बीच, पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से जारी एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने में जुटे भारत और चीन के लिए एक और अच्छी ख़बर सामने आई है। अगले सितंबर महीने की शुरुआत में ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी विमानन क्षेत्र की कंपनियों को अल्पावधि में चीन के लिए उड़ानों के संचालन हेतु तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

### यूरोपः 125 जगहों पर जंगल की आग, 25 हजार लोग विस्थापित

यूरोप में जंगल की आग ने विकराल रूप ले लिया है। तीन यूरोपीय देशों - ग्रीस, पुर्तगाल और स्पेन - में 125 से ज्यादा जगहों पर आग लगी हुई है। इसके चलते 25 हजार से ज्यादा लोगों को घर छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। सबसे गंभीर हालात ग्रीस में हैं, जहां 82 जगहों पर आग भड़क रही है। इसके चलते लगभग 10,000 हेक्टेयर भूमि जल चुकी है। अब तक 20 गांवों के 14 हजार से ज्यादा लोगों को घर खाली करने के आदेश दिए गए हैं। आग बुझाने के लिए 5,000 दमकलकर्मी और 33 विमान तैनात किए गए हैं।

### जुर्गेन वेस्टरमियर भारत एवं दक्षिण एशिया के नए अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक

एयरबस ने जुर्गेन वेस्टरमियर को भारत और दक्षिण एशिया के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। विमान निर्माता कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 53 वर्षीय जुर्गेन, जो वर्तमान में एयरबस में कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं मुख्य खरीद अधिकारी हैं, की नियुक्ति 1 सितंबर से प्रभावी होगी।

### SLINEX-2025 में भाग लेने श्रीलंका पहुँचे भारतीय नौसेना के युद्धपोत



श्रीलंका–भारत नौसैनिक अभ्यास (SLINEX-25) की शुरुआत 14 अगस्त 2025 को कोलंबो में हुई, जब भारतीय नौसेना के आईएनएस राणा (गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर) और आईएनएस ज्योति (फ्लीट टैंकर) वहाँ पहुँचे। 14 से 18 अगस्त 2025 तक आयोजित यह 12वाँ संस्करण भारत और श्रीलंका के बीच बढ़ते समुद्री सहयोग को दर्शाता है और इसे 'महासागर (MAHASAGAR)' पहल के अंतर्गत महत्व दिया जा रहा है।

### अंटार्कटिका में 66 साल बाद मिला ब्रिटिश वैज्ञानिक का शव

किंग जॉर्ज आइलैंड पर ब्रिटिश मौसम वैज्ञानिक डेनिस टिंक बेल के अवशेष 66 साल बाद अंटार्कटिका के ग्लेशियर से मिले हैं। बेल की मौत 26 जुलाई 1959 को हुई थी। उस समय वे चार लोगों के साथ सर्वे पर निकले थे और बर्फ की दरार में गिर गए थे। किंग जॉर्ज आइलैंड पर ईकोलॉजी ग्लेशियर के पीछे हटने से चट्टानों के बीच कुछ हड्डियां मिलीं। डीएनए परीक्षण में इस बात की पुष्टि हुई।

### शिकारियों से बचाने के लिए गैंडों के सींगों में डाला जाएगा रेडियोएक्टिव पदार्थ

दक्षिण अफ्रीका में गैंडों को शिकारियों से बचाने के लिए वैज्ञानिकों ने एक अनोखा तरीका अपनाया है। यूनिवर्सिटी ऑफ विटवाटरसैंड के शोधार्थियों ने गैंडों के सींगों में रेडियोएक्टिव पदार्थ डालने का प्रयोग शुरू किया है। इसका मकसद शिकारियों को रोकना और सींगों की अवैध तस्करी पर लगाम लगाना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस रेडियोएक्टिव पदार्थ से गैंडों को कोई नुकसान नहीं होगा। इससे एयरपोर्ट और बंदरगाहों पर तस्करी की पहचान करना आसान हो जाएगा। अफ्रीका में पिछले 10 सालों में 8,500 से ज्यादा गैंडों का शिकार किया जा चुका है।

### चीन बनाएगा 5,000 किमी लंबा शिनजियांग-तिब्बत रेल नेटवर्क

चीन शिनजियांग प्रांत को तिब्बत से जोड़ने वाली अपनी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजना बनाने जा रहा है, जिसका एक हिस्सा भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास से गुजरेगा। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, 'इस साल इस रेल परियोजना पर काम शुरू होने की उम्मीद है। एक सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी जो शिनजियांग के होतान से तिब्बत की राजधानी ल्हासा तक रेल लाइन के निर्माण और संचालन की देखरेख करेगी।

### अमेरिका के सिएटल में पहली बार 'इंडिया डे परेड'

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिका के सिएटल में पहली बार भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'इंडिया डे परेड' में भारत के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई गईं। इस परेड में 'इंडिया पैवेलियन' भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शित किए गए। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने परेड की शुरुआत झंडी दिखाकर की।

### जुलाई में अमेरिका को भारत का निर्यात 20% बढ़ा, आयात 13.78% बढ़ा

जुलाई में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 19.94 % बढ़कर 8.01 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 13.78 % बढ़कर लगभग 4.55 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-जुलाई के दौरान, अमेरिका को देश का निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 12.33 % बढ़कर 17.41 अरब डॉलर हो गया।

# खेल / कला

### एशियन U-19 चैंपियनशिपः भारतीय बॉक्सरों ने जीते 14 पदक

एशियन अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 पदक जीते। 10 अगस्त को आखिरी दिन लड़कों में राहुल कुंडु और लड़कियों में निशा व मुस्कान ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण के अलावा सात रजत और चार कांस्य पदक हासिल किए। ख़ास तौर पर भारतीय लड़कियों ने कमाल किया और 10 में से नौ ने पदक जीते।

### शुभमन गिलः चार बार यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड की बैटर सोफ़िया डंकली को जुलाई के लिए आईसीसी का पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ़ द मंथ चुना गया है। शुभमन यह अवॉर्ड चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने। इंग्लैंड दौरे पर उनकी शानदार फ़ॉर्म रही। उन्होंने तीन टेस्ट में 567 रन बनाए, जिसमें औसत 94.50 रहा। बर्मिंघम टेस्ट में उन्होंने 269 और 161 की पारियाँ खेलते हुए कुल 430 रन बनाए, जो टेस्ट इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा मैच एग्रीगेट है। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 103 रन बनाए। शुभमन ने यह अवॉर्ड इंग्लैंड के बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ़्रीका के वियान मुल्डर को हराकर जीता।

### वर्ल्ड गेम्सः ऋषभ ने कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य

ऋषभ यादव ने चीन के चेंगदू में जारी वर्ल्ड गेम्स 2025 में 09 अगस्त को पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी इवेंट में कांस्य जीतकर भारत के लिए पहला पदक जीता। कांस्य पदक मुकाबले में अभिषेक वर्मा के खिलाफ, ऋषभ यादव ने अपने हमवतन साथी को 149-147 से हराकर पोडियम स्थान हासिल किया। पहले राउंड में ऋषभ यादव ने अभिषेक वर्मा को 30-29 से हराया, जिसके बाद दोनों ने दूसरे सेट में 29 और तीसरे सेट में 30 अंक बनाए।

### चेसः रोहित कृष्णा भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने

भारत को 89वाँ चेस ग्रैंडमास्टर मिल गया है। 20 वर्षीय रोहित कृष्णा एस. ने कज़ाख़स्तान में खेले गए अल्माटी मास्टर्स कोनायेव कप में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अंतिम राउंड में आर्मेनिया के इंटरनेशनल मास्टर आर्डर डावत्यन को हराकर कुल 9 में से 6 अंक जुटाए और तीसरा व अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पूरा किया। उन्होंने पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म इस वर्ष मार्च में स्टॉकहोम नॉर्थ ग्रैंडमास्टर राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर हासिल किया था। दूसरा नॉर्म जून में दुबई ओपन में मिला। वे 2022 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे।

### अभिषेक बच्चन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, नीरज घेवन सर्वश्रेष्ठ निर्देशक से सम्मानित



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM) का आयोजन किया गया। समारोह में पुरस्कार वितरण हुआ, जिसमें विजेताओं की घोषणा की गई। इसमें बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि नीरज घेवन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आमिर खान और जयदीप अहलावत को भी अवॉर्ड मिला।

### अन्नू रानी ने अंतर्राष्ट्रीय विस्लाव मनियाक मेमोरियल में स्वर्ण पदक जीता

एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन भारत की अन्नू रानी ने पोलैंड में अंतर्राष्ट्रीय विस्लाव मनियाक मेमोरियल में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में 62.59 मीटर के साथ सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। 32 वर्षीया खिलाड़ी के प्रभावशाली थ्रो ने उन्हें तुर्की और ऑस्ट्रेलिया की प्रतियोगियों से शीर्ष स्थान दिलाया।

### दीप्ति टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाज़ों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुँच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना बल्लेबाज़ों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इक़बाल के साथ 732 रेटिंग अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। सादिया रैंकिंग में पहले से दूसरे स्थान पर खिसक गईं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज़ बनने में सफल रहीं।

### सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहेंगे बिन्नी

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए, लेकिन संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्वकप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वार्षिक आम बैठक तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। बीसीसीआई की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं, जो राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारियों के लिए कट-ऑफ़ आयु है।

### बांग्ला अदाकारा बसंती चटर्जी का निधन



बांग्ला अदाकारा बसंती चटर्जी का निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं। 'पश्चिम बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट्स फोरम' के एक प्रवक्ता ने बताया कि चटर्जी लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थीं। वह एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में महीनों तक भर्ती रहीं और बाद में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

### चेसः 10 वर्षीय भारतीय मूल की खिलाड़ी ने तोड़े दो विश्व रिकॉर्ड

भारतीय मूल की ब्रिटिश चेस खिलाड़ी 10 वर्षीय बोधना सिवानंदन ने दो विश्व रिकॉर्ड तोड़कर सबको चौंका दिया है। वह सबसे कम उम्र की महिला इंटरनेशनल मास्टर (IM) बन गई हैं। बोधना ने ब्रिटिश चैम्पियनशिप में अपना तीसरा और अंतिम नॉर्म हासिल किया, जो 2300 रेटिंग परफॉर्मेंस के साथ पूरा हुआ। यह उपलब्धि पिछले रिकॉर्ड से पूरे एक साल पहले हासिल की गई।

# कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग

## शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 01-16/31/स्था./2020 दिनांक 29.10.2024 द्वारा दी गई सहमति के आधार पर छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग में निम्न लिखित रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र उम्मीदवारों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाईट http://vyapamcg.cgstate.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | पदनाम | (अ) | | | | (ब) | | | | | | | | (स) | योग | सांतवा वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल रिक्त पद संख्या | | | | कॉलम (अ) में दर्शाये गये कुल रिक्त पदों में से महिलाओं के लिए आरक्षित पदों की संख्या | | | | कॉल (अ) में दर्शाये गये कुल रिक्त पदों में से दिव्यांगों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | | | | कॉलम (अ) में दर्शाये गये कुल रिक्त पदों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | | |
| | | अना | अजा | अजजा | अपिव | अना | अजा | अजजा | अपिव | अना | अजा | अजजा | अपिव | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 2 | अमीन | 21 | 06 | 16 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 | दिव्यंगता अमान्य | 50 | 22400-71200 लेवल-5 |

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उक्त पदों के लिए संभावित परीक्षा दिनांक 07.12.2025 को आयोजित की जायेगी, विस्तृत विज्ञापन, आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा, पाठ्यक्रम, भर्ती प्रक्रिया, नियम एवं शर्ते, परीक्षा तिथि, परीक्षा शहर आदि संबंधी जानकारी व्यापमं के वेबसाईट http://vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखे जा सकते हैं, उपरोक्त नियुक्तियाँ माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की वर्गवार पदों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।

नोडल अधिकारी/कार्यपालन अभियंता
वास्ते प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

**आर.ओ.113/जी-252602748/5**

# छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग

## नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)

**दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in**

क्रमांक/13/परीक्षा/2024/I/88386/2025 — नवा रायपुर, दिनांक 06/08/2025

### व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा 2024 के संबंध में दिव्यांगजनों हेतु महत्वपूर्ण सूचना

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा/दिनांक 23.12.2024 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 23.01.2025 के तहत् व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा दिनांक 21 सितम्बर 2025 (रविवार) को जिला-बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई एवं रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी है.

02/ व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा-2024 में दिव्यांगजनों को सह-लेखक की सुविधा दिये जाने/अथवा रखे जाने की अनुमति दिये जाने संबंधी निम्नानुसार निर्देश जारी किये गये हैंः-

(i) आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 तथा भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्र क्रमांक F.No. 29-6/2019-DD-III Dated 10/08/2022 के अनुसार अभ्यर्थी को प्रपत्र 1 एवं प्रपत्र-2 पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है तथा उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए सह लेखक की सेवाएं लेना अपरिहार्य है, सह लेखक के उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। अभ्यर्थी स्वयं नियमानुसार सह लेखक की व्यवस्था कर सकते है अथवा जिला कार्यालय से सहलेखक उपलब्ध कराने हेतु निवेदन कर सकते है।

(ii) स्वयं के अथवा जिला कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सह लेखक की योग्यता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता मापदंड से कम होनी चाहिए तथापि सह लेखक की योग्यता सदैव मैट्रिक अथवा इससे अधिक होनी चाहिए। अपना सह लेखक लाने या जिला कार्यालय को इसके लिए अनुरोध करने संबंधी विवेकाधिकार उम्मीदवार का है। परीक्षा में सह लेखक की सुविधा लेने वाले अभ्यर्थी जो जिला कार्यालय से सह लेखक प्राप्त करना चाहते हो अथवा स्वयं सह लेखक लाना चाहते हो तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन के समय विज्ञापन के परिशिष्ट-पांच, छः, सात व आठ के अनुसार उपलब्ध प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 प्राप्त कर, प्रपत्र-1 में सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, प्रपत्र-2 व प्रपत्र-3 में परिक्षार्थी के हस्ताक्षर, प्रपत्र-4 में सहलेखक के हस्ताक्षर प्राप्त कर जिला कार्यालय से सहलेखक प्राप्त करने अथवा स्वयं अपने सह लेखक को परीक्षा दिवस के दिन अपने साथ ले जाने हेतु संबंधित जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे अन्यथा अभ्यर्थी सहलेखक के सुविधा का उपयोग नहीं कर सकेंगे। स्वयं सहलेखक की व्यवस्था करने अथवा जिला कार्यालय से सहलेखक की सुविधा लेने, दोनो हीं स्थितियों में प्रपत्र 01, 02, 03 व 04 पूर्ण रूप से भरकर एवं संबंधित द्वारा हस्ताक्षरित कराकर संबंधित जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर, सहलेखक संबंधी अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा परीक्षा दिवस के दिन अभ्यर्थी सहलेखक की सुविधा का उपयोग नहीं कर सकेंगे। (iii) नेत्रहीनता, दोनों बाजुओं से प्रभावित और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों के अंतर्गत बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु 20 मिनट प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा। परिशिष्ट पांच से आठ तक उपलब्ध प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है, यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

जिन अभ्यर्थियों को सहलेखक की सुविधा दी जाती है उन अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे इस संबंध में सभी औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात परीक्षा तिथि के 05 दिन पूर्व आयोग द्वारा अधिकृत संबंधित जिला कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन के पश्चात डाउनलोड किए गए प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 को भरकर तथा संबंधित के हस्ताक्षर प्राप्त कर संपर्क करें। जिला कार्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के नाम से जारी पत्र जिसमें अभ्यर्थी को परीक्षा में सहलेखक के उपयोग की अनुमति सहलेखक के विवरण के साथ दी जाएगी। विस्तृत निर्देश एवं प्रपत्र हेतु आयोग के विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा दिनांक 23.12.2024 का भलीभांति अध्ययन कर लेवें।

3/ अभ्यर्थी एवं उनके सहलेखक द्वारा व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा-2024 में केल्क्यूलेटर का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। अभ्यर्थी एवं सहलेखक को अपने साथ डिजिटल डायरी, केल्क्यूलेटर, सेल्युलर फोन, पेजर और स्मार्ट वॉच लाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

4/ परीक्षा परिसर में एवं भवन के अंदर वीक्षक व केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों का पालन अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करता है/अशिष्ट, उद्दण्ड आचरण करता है/अनुचित/अशोभनीय या अश्लील व्यवहार करता है तो वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा एवं उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थी ऐसे दण्ड का भी भागी होगा, जो आयोग उचित समझे।

सचिव,
छ.ग. लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर

**आर.ओ.114/जी-252602738/6**

## कार्यालय कलेक्टर (जिला बाल संरक्षण इकाई)

# महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सुकमा (छ०ग०)

Email:- dcpo-sukma@cg.gov.in टेलीफोन न. 07864-299101

क्रमांक/184/मबावि./मि.वा./2025-26 सुकमा, दिनांक 31/07/2025

## मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों एवं स्वीकृति अनुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से दिनांक 30/08/2025 तक आवेदन आमंत्रित है। उक्त पदों पर भर्ती के लिये आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांक 43 प्रथम तल संयुक्त कार्यालय, कुम्हाररास सुकमा, जिला-सुकमा छ.ग. को प्रेषित करना होगा। आवेदन करने के अंतिम दिनॉक 30/08/2025 को कार्यालीन अवधि में प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:30 बजे तक ही स्वीकार किये जावेगें। पद एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार हैः-

1. जिला बाल संरक्षण इकाई में रिक्त पदों का विवरण :-

| क्र | पदनाम | पद संख्या | | | | योग | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | | |
| 1 | परामर्शदाता | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536.00/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 01 | 02 | 00 | 00 | 03 | 10592.00/- |

2. जिला बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता एवं आउचरीच वर्कर पद हेतु शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल अनिवार्य अनुभवः-

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य / समाजशास्त्र /मनोविज्ञान / जनस्वास्थ्य / काउंसलिंग में स्नातक एवं काउंसलिंग और संचार में पीजी डिप्लोमा | कम्प्यूटर पर एम.एस आफिस / कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए | महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सरकार / एनजीओ के साथ काम करने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान |
| 2 | आउटरीच वर्कर | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / समकक्ष बोर्ड से 12 वीं उत्तीर्ण | अच्छा संचार कौशल | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव | |

**टीपः- पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकता है।**

3. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता के दस्तावेज आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप से आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए, अन्यथा आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

4. **आयु सीमाः-**

4.1 सभी पदों हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2025 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो।

इन पदों हेतु इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप आयु की छूट की पात्रता होगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4.2 सभी पदों पर अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।

4.3 आयु के प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण-पत्र या 10वीं की अंक सूची मान्य होगा।

5. निवासः-अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

6. पदों हेतु आरक्षणः-संविदा नियुक्ति के लिए छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम / निर्देश लागू होंगे। आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।

8. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो. जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा/होगी। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

टीप- कडिका-07 एवं 08 के संबंध में चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को रु. 50/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. **अनुभव के संबंध में निर्देश निम्नानुसार हैः-**

9.1 अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक अनुभव प्रमाण-पत्र मान्य होंगे।

9.2 किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण-पत्र अनुभव के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

9.3 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण-पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

टीप - आवेदक द्वारा आवेदन में दिए गए अनुभव को मान्य करने के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी (कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) का निर्णय अंतिम होगा।

10. प्राप्त आवेदन पत्रों में से पात्र आवेदकों का ही अंकीय प्रणाली के आधार पर मैरिट सूची तैयार करते हुए व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा (जहां लागू हो) के आधार पर चयन सूची तैयार किया जावेगा।

11. नियुक्ति प्राधिकारीः- जिला स्तरीय पदों के लिए जिला कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी होंगे।

12. अंकीय प्रणालीः-निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों का प्रावीण्य सूची अंकीय प्रणाली के आधार पर तैयार किया जायेगा। मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना निम्नानुसार होगी :-

12.1 अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक के प्रतिशत पर 70 प्रतिशत अंक दिये जायेंगे।

12.2 निर्धारित न्यूनतम अनुभव पर कोई अंक देय नहीं होगा किंतु निर्धारित न्यूनतम अनुभव अवधि के पश्चात् प्रत्येक 01 वर्ष के अनुभव पर 02 अंक दिये जायेंगे, जो अधिकतम 10 अंक तक होगा।

12.3 उपरोक्त में से प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जाएगी।

12.4 व्यक्तिगत साक्षात्कार या कौशल परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित रहेंगे। जिन पदों पर व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा दोनों रखा जायेगा वहां कौशल परीक्षा के लिए 10 अंक तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए 10 अंक होंगे।

12.5 अभ्यर्थियों के प्रावीण्य सूची में समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जावेगी। यदि उम्र भी समान हो तो न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

13. उपरोक्तानुसार अंकीय प्रणाली के आधार पर क्रमांक 12 के उप कंडिका 12.1 एवं 12.2 पर प्राप्त कुल अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी। चयन हेतु प्रावीण्य सूची में से प्रत्येक पद के लिए एक अनुपात दस (1/10) के अनुपात में व्यक्तिगत साक्षात्कार / कौशल परीक्षा हेतु आवेदकों को आमंत्रित किया जायेगा।

13.1 जिला बाल संरक्षण ईकाई के पदों में से परामर्शदाता के पद के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया जायेगा तथा आउटरिच वर्कर के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया जावेगा।

13.2 चयन समिति द्वारा उपरोक्तानुसार प्राप्त अंकों के आधार पर समग्र प्रावीण्य सूची एवं प्रवर्गवार प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी। प्रावीण्य सूची में अपने प्रवर्ग में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों

**क्रमशः**

का नियुक्ति आदेश नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।

13.3 प्रत्येक पद के लिये 25 प्रतिशत अथवा 03 जो भी अधिक हो, अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा। चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची की वैधता, चयन सूची प्रकाशन तिथि से 01 वर्ष तक रहेगी।

**14. नियुक्ति की अवधि :-**

14.1 इन समस्त पदों पर प्रथम बार में अधिकतम 03 वर्ष या भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि, जो भी पहले हो, की अवधि हेतु नियुक्त किया जाएगा।

14.2 जिला बाल संरक्षण इकाई/बालक कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड में कार्य की आवश्यकता होने पर वार्षिक कार्य मूल्यांकन एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर एक बार में संविदा सेवा अवधि अधिकतम 03 वर्ष के लिए जिला स्तर पर जिला कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) द्वारा संविदा अवधि वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकेगा। संविदा वृद्धि नहीं किये जाने की स्थिति में सेवा स्वमेव समाप्त मानी जाएगी।

14.3 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। संविदा सेवा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर सेवा समाप्त की जा सकती है। विशेष परिस्थितियों में बिना कारण बतायें भी सेवा समाप्त की जा सकती है।

14.4 इन पदों की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोपरांत पद समाप्त कर दिये जायेंगे। पद समाप्ति के उपरांत इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

14.5 नियुक्ति के पश्चात भी यदि नियुक्ति संबंधी अर्हताओं एवं शर्तों का पूरा करना नहीं पाया जाता है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी।

14.6 उपरोक्त समस्त पदों पर नियुक्त कर्मचारी भारत सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत योजना के स्वीकृत पद है तथा भारत सरकार के दिशा-निर्देश एवं छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के पत्र कमांक 2489/239/सा./2023/50 दिनांक 04.10.2023 द्वारा जारी राज्य बाल संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ की मानव संसाधन नीति 2023 द्वारा शासित होंगे।

**15. आवेदन के संबंध में निर्देश निम्नानुसार है:-**

15.1 आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे एवं इस संबंध में अभ्यर्थियों को कोई सूचना नहीं दी जायेगी।

15.2 प्रत्येक पद के लिए पृथक-पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है. लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

15.3 आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट / कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।

15.4 आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।

15.5 निर्धारित अर्हता एवं शर्तों को पूरा न करने पर चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

15.6 आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त अभिलेख सत्यापन में जाली/गलत पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

16. चयन संबंधी विवाद की दशा में नियोक्ता का निर्णय अंतिम होगा।

17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट https://sukma.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

18. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में सही पता. ई-मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख किया जावे, ताकि चयनित अभ्यर्थियों को सूचना दी जा सके।

**टीप :-**

1. दस्तावेज सत्यापन के समय समस्त वांछित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
2. व्यक्तिगत साक्षात्कार / कौशल परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-सुकमा छ०ग०

## आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग को फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

**प्रति**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला- सुकमा (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :---------------------------------
2. आवेदन का नाम (हिन्दी में) :---------------------------------
   (अंग्रेजी में) :---------------------------------
3. पिता/पति का नाम :---------------------------------
4. स्थायी पता :---------------------------------
   :--------------------------------
5. (पत्र व्यवहार का पता) :---------------------------------
   :-----------दूरभाष / मोबाईल-------
6. जन्मतिथि (अंको में) :---------------------------------
   शब्दों में :---------------------------------
7. दिनांक 01/01/2025 को आयु- :---------------------------------
8. लिंग पुरुष/महिला :---------------------------------
9. जाति/वर्ग (अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति........... वर्ग.......................
10. क्या आवेदन शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है?::-----------------
11. विवाहित/अविवाहित / विधुर/परित्यक्तता:-:---------------------------------
12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि :----एवं जीवित बच्चों की संख्या-------
13. शैक्षणिक योग्यता:-(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि./ संस्था का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :---------------------------------
15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :---------------------------------

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण | | वेतन | पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | |
| | | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूचीः-
    1. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने संबंधी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
    2. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची / प्रमाण 3. 12वीं की अंकसूची
    4. स्नातक की अंकसूची 5. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
    6. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
    7. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र
17. अन्य संलग्नकों का विवरण
    1------------2-----------3-------4--------5-----------

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**आवेदक का नाम**----------

**घोषणा-पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरुध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

स्थान :----------
दिनांक :-----------

# श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/पैरामेडिकल/2025/7927-30 रायपुर, दिनांक 14.08.2025

प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा संचालित आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट एवं पंचकर्म सहायक के एक वर्षीय पाठ्यक्रम के सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं।

**01. उपलब्ध सीट :-** 01. आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट पाठ्यक्रम 70 सीट
02. पंचकर्म सहायक 70 सीट

**02. आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट एवं पंचकर्म सहायक पाठ्यक्रम हेतु श्रेणी एवं संवर्गवार उपलब्ध सीटों की संख्या :-**

| क्र | पाठ्यक्रम | अनारक्षित | | | | | अ. जा. | | | | अनु.ज.जा. | | | | विशेष पिछड़ी अनु.ज.जा. | अ.पि.व. | | | | कुल सीट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला | सैनिक | FF | दिव्यांग | निःश | महिला | सैनिक | FF | निःश | महिला | सैनिक | FF | निःश | निःश | महिला | सैनिक | FF | निःश | |
| 1 | आयुर्वेद फॉर्मासिस्ट | 09 | - | - | 1 | 21 | 2 | - | - | 6 | 6 | - | - | 15 | 1 | 2 | - | - | 7 | 70 |
| 2 | पंचकर्म सहायक | 09 | - | - | - | 22 | 2 | - | - | 6 | 6 | - | - | 15 | 1 | 2 | - | - | 7 | 70 |
| | कुल सीट | 18 | - | - | 1 | 43 | 4 | - | - | 12 | 12 | - | - | 30 | 2 | 4 | - | - | 14 | 140 |

**03. शुल्कः- आवेदन शुल्क तालिका**

| | श्रेणी | बैंक ड्राफ्ट की राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलंब के | अनारक्षित एवं ओ.बी.सी. | 1000/- | 05.09.2025 |
| | अनु. जाति, अनु. जनजाति एवं विशेष पिछड़ी अनु. जनजाति | 600/- | |
| विलंब की स्थिति में | अनारक्षित एवं ओ.बी.सी. | 1200/- | 10.09.2025 |
| | अनु. जाति, अनु. जनजाति एवं विशेष पिछड़ी अनु. जनजाति | 800/- | |

**टीपः**- आवेदन पत्रों की विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट www.gacraipurcg.in से प्राप्त की जा सकती है। काउंसिलिंग सूचना, प्रवेश आदि से संबंधित जानकारियों के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय के वेबसाईट पर समय-समय पर अवलोकन करते रहे।

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

**आर.ओ.115 जी/-252602853/5**

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

## नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

**दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204 वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in**

क्रमांक/ 824/13/परीक्षा/2024 नवा रायपुर, दिनांक 18/07/2025

### व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा की समय-सारिणी

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के WP (S) no. 608/2025 Ms. Vinita Yadav Vs. State of Chhattisgarh &Ors Date 27/05/2025 के आलोक में एवं छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 2782/2025/21-ब/छ.ग./25 दिनांक 01/07/2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, विज्ञापन दिनांक 23/12/2024 को प्रभावी/लागू छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम 2006 के अनुसार व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा 2024 की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा/दिनांक 23/12/2024 के तहत् व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा दिनांक 21 सितंबर 2025 (रविवार) को जिला-बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई एवं रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी समय-सारिणी निम्नानुसार हैः-

| DATE | DAY | TIME |
|---|---|---|
| 21.09.2025 | SUNDAY | 10:00 AM To 12:00 PM |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजा जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक,
छ०ग० लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

**आर.ओ.116/जी-252602726/5**

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

## नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

**दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204 वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in**

क्रमांक/I/88910/2025/864 नवा रायपुर, दिनांक 05/08/2025

### खनि निरीक्षक (खनिज साधन विभाग) परीक्षा 2022 की संशोधित समय सारणी

आयोग कार्यालय द्वारा खनि निरीक्षक (खनिज साधन विभाग) परीक्षा 2022 के रिक्त 35 पदों की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक 07/2022/परीक्षा दिनांक 01.02.2022 जारी किया गया था। तत्संबंध में शुद्धि पत्र क्रमांक 02/2025/परीक्षा दिनांक 02.04.2025 जारी कर अभ्यर्थियों से दिनांक 03.04.2025 मध्यान्ह 12:00 बजे से 02.05.2025 रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। आयोग कार्यालय में प्राप्त ऑनलाइन आवेदन संख्या के आधार पर उक्त पदों की लिखित परीक्षा दिनांक 07 सितम्बर 2025 को संभाग मुख्यालय जिला रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है

| DATE | DAY | TIME | SUBJECT |
|---|---|---|---|
| 07.09.2025 | SUNDAY | 10:00 AM TO 01:00 PM | PART 1- GENERAL KNOWLEDGE<br>PART 2- GEOLOGY |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किए जावेंगे। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छ०ग० लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

**आर.ओ.117/जी-252602728.5**

# कार्यालय जिला स्तरीय समिति

## आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति

### जिला-रायगढ़ छत्तीसगढ़

**Phone No & Fax No.-07762.222158, Email-actw.raigarh@gmail.com**

क्रमांक/GENS-21/402/2025 रायगढ़, दिनांक 11/08/2025

### जिला स्तरीय समिति रायगढ़ के अधीन संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अतिथि शिक्षक की व्यवस्था हेतु

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शत-प्रतिशत पोषित तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम संस्थान समिति रायपुर द्वारा जिला रायगढ़ में जिला स्तरीय समिति के अधीन संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों हेतु शिक्षकों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु अस्थाई रूप से सी.बी.एस.ई. पैटर्न पर शाला संचालन हेतु आयुक्त कार्यालय/ पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति (छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अधीन गठित) एवं NESTS द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक दर पर व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों को लिया जाना है।

1. **रिक्तियों की संख्या:-** कुल विषयवार अतिथि शिक्षकों की संभावित आवश्यकता निम्नानुसार है, जो परिवर्तनीय है :-

| क्र | जिला | विकासखंड | विद्यालय का नाम/माध्यम | पी.जी.टी. | | | | | | | | | टी. जी. टी. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | इतिहास | अंग्रेजी | गणित | भौतिक | रसायन | जीव विज्ञान | अर्थशास्त्र | भूगोल | राजनीति | हिन्दी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | रायगढ़ | खरसिया | छोटेमुड़पार/अंग्रेजी | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 02 |
| 2 | | धरमजयगढ़ | सिसरिंगा/अंग्रेजी | 0 | 01 | 0 | 0 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 03 |
| 3 | | घरघोड़ा | छर्राटांगर/अंग्रेजी | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 01 | 01 | 0 | 05 |
| 4 | | लैलूंगा | हीरापुर/अंग्रेजी | 01 | 01 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 05 |
| योग | | | | 03 | 03 | 01 | 01 | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 01 | 15 |

2. **पदों हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता :-**

विज्ञापित पदों हेतु अनिवार्य योग्यता संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

1) TGT:-

i. न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एनसीईआरटी के रिजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से संबंधित विषय में 04 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स या संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री।

- TGT (हिंदी)- स्नातक में एक विषय हिंदी होना चाहिये।

ii. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड या समकक्ष डिग्री।

iii. राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET Paper-II) या केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET Paper-II) में पात्रता।

2) PGT:-

1. न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एनसीईआरटी के रिजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से संबंधित विषय में 02 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स या संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री।

- PGT (अंग्रेजी)- अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी अंग्रेजी विषय होना चाहिये।
- PGT (गणित)- गणित या एप्लाईड गणित में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी गणित विषय होना चाहिये।
- PGT (भौतिकी)- भौतिकी / एप्लाईड भौतिकी / न्यूक्लियर भौतिकी में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी भौतिकी विषय होना चाहिये।
- PGT (रसायन विज्ञान)- रसायन विज्ञान/जैव रसायन में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी रसायन विषय होना चाहिये।
- PGT (जीव विज्ञान)- बॉटनी/जियोलॉजी/लाईफ साईंस / बॉयोसाईंस / जेनेटिक्स/ माइक्रोबॉयोलॉजी / बॉयोटेक्नोलॉजी / मॉलिक्यूलर बॉयो / प्लांट फिजियोलॉजी में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी बॉटनी एवं जियोलॉजी विषय होना चाहिये।
- PGT (इतिहास)- इतिहास में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी इतिहास विषय होना चाहिये।
- PGT (भूगोल)- भूगोल में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी भूगोल विषय होना चाहिये।
- PGT (राजनीति)- राजनीति में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी राजनीति विषय होना चाहिये।
- PGT (इकोनॉमिक्स)- इकोनॉमिक्स / एप्लाईड इकोनॉमिक्स /बिजनेस इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी इकोनॉमिक्स विषय होना चाहिये।

II. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड या समकक्ष डिग्री।

**वांछनीय योग्यता :-**

- हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण में प्रवीणता। जिसके लिए उम्मीदवार द्वारा घोषणा पत्र में सत्यापित करना होगा।
- शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त संस्थान से विद्यालय में शैक्षणिक कार्य करने का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।

3. **आयु की गणना :-**

**(अ) पीजीटी और टीजीटी के लिए-** 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 60 वर्ष है

4. **चयन प्रक्रिया :-**

1. जिला समितियों के अधीन विद्यालयों के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर मेरिट तैयार कर पदवार शिक्षकों का एक पैनल तैयार करेगी। यदि आवश्यकता होने पर साक्षात्कार आयोजित कर शैक्षणिक मूल्यांकन के साथ साक्षात्कार के अंक जोड़ कर अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अंतिम पैनल तैयार किया जायेगा जिसे वर्ष भर में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के लिए उपयोग में लाया जायेगा।
2. जिला स्तर पर जिलों के अधीन विद्यालयों के लिए आवश्यक शिक्षकों की संख्या का निर्धारण कर विज्ञापन तैयार कर प्रदेश के 02 प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित

**क्रमशः**

कराया जायेगा।

3. आवेदकों को जिले में स्थित विद्यालयों के लिए प्राथमिकता कम से विद्यालय चयन करना होगा।

**5. चयन समिति :-**

**जिला स्तर पर आवेदन पत्रों के जाँच/परीक्षण / मेरिट सूची आदि तैयार करने हेतु निम्नांकित समिति होगी :-**

1. कलेक्टर / अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति द्वारा नामांकित 01 प्रतिनिधि - अध्यक्ष
2. परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना -सदस्य
3. जिला शिक्षा अधिकारी - सदस्य
4. जिला स्तरीय समिति से एक शिक्षाविद् (कलेक्टर द्वारा नामांकित) -सदस्य
5. विद्यालय / महाविद्यालय से एक विषय विशेषज्ञ - सदस्य
6. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास -सदस्य सचिव
7. प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (01 प्राचार्य) -सदस्य

उपरोक्त समिति योग्यता मापदण्ड शिक्षण अनुभव और आवश्यक हुआ तो साक्षात्कार के आधार पर मूल्यांकन कर शिक्षकों का पैनल सूची बनाई जायेगी तथा पैनल सूची को जिला स्तरीय एवं विद्यालय की वेब साईट पर अपलोड किया जायेगा।

**योग्यता सूची तैयार करने के लिए अभ्यर्थियों के लिए चयन का मापदण्ड :-**

**अ. पी.जी.टी.जिसमें न्यूनतम योग्यता स्नातकोत्तर है के लिए**

| क्र. | योग्यता | अंक भार |
|---|---|---|
| 1 | हायर सेकण्डरी के अंको का | 20% |
| 2 | स्नातक के अंकों का | 30% |
| 3 | स्नातकोत्तर के अंकों का | 50% |
| **अतिरिक्त अंक** | | |
| 4 | कार्य अनुभव (03 वर्ष हेतु-03 अंक, 04 वर्ष हेतु 04 अंक, 05 वर्ष या इससे अधिक वर्ष के अनुभव हेतु अधिकतम-05 अंक)<br>(03 वर्ष से अधिक अनुभव के पश्चात् छः माह से अधिक अनुभव को पूर्ण वर्ष माना जावेगा। छः माह से कम अनुभव के लिए कोई अंक नहीं दिया जावेगा) (शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं का प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट-छः के अनुसार) | 03 वर्ष-03 अंक<br>04 वर्ष-04 अंक<br>05 वर्ष या 05 वर्ष से अधिक<br>वर्ष-05 अंक |
| 5 | जिसकी माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी तथा महाविद्यालयीन शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में हुआ हो | 05 अंक |
| 6 | केवल महाविद्यालयीन शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में हुई हो तो | 04 अंक |
| 7 | हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में हुई हो तो | 02 अंक |
| **ब. टी.जी.टी. जिसमें न्यूनतम योग्यता स्नातक है के लिए** | | |
| **क्र** | **योग्यता** | **अंक भार** |
| 1 | हायर सेकण्डरी के अंकों का | 20% |
| 2 | स्नातक के अंकों का | 50% |
| 3 | स्नातकोत्तर के अंकों का | 30% |
| **अतिरिक्त अंक** | | |
| 4 | कार्य अनुभव (03 वर्ष हेतु-03 अंक, 04 वर्ष हेतु 04 अंक, 05 वर्ष या इससे अधिक वर्ष के अनुभव हेतु अधिकतम-05 अंक)<br>(03 वर्ष से अधिक अनुभव के पश्चात् छः माह से अधिक अनुभव को पूर्ण वर्ष माना जावेगा। छः माह से कम अनुभव के लिए कोई अंक नहीं दिया जावेगा) (शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं का प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट-छः के अनुसार) | 03 वर्ष-03 अंक<br>04 वर्ष-04 अंक<br>05 वर्ष या 05 वर्ष से अधिक<br>वर्ष-05 अंक |
| 5 | जिसकी माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी तथा महाविद्यालयीन शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में हुआ हो | 05 अंक |
| 6 | केवल महाविद्यालयीन शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में हुई हो तो | 04 अंक |
| 7 | हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में हुई हो तो | 02 अंक |

**7. अनुभव :** अनुभव प्रमाण पत्र मान्य करने हेतु शासकीय शाला (केन्द्र/राज्य शासन के अधीन)/शासकीय अनुदान प्राप्त शाला में कार्य किये होने पर ही मान्य होगा। प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में संस्था/अनुदान प्राप्त शाला से अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित जिले के सहायक आयुक्त,आदिवासी विकास/जिला शिक्षा अधिकारी के नियंत्रण अधीन से प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।

**(परिशिष्ट-तीन)**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य किए हुए शिक्षकों/अतिथि शिक्षकों को मेरिट सूची में प्राथमिकता दी जावेगी।

**8. नियुक्ति के संबंध में :-**

1. पैनल लिस्ट के अतिथि शिक्षक को किसी भी प्रकार का नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जायेगा।
2. चयनित उम्मीदवारों को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य पर लिया जा सकता है, जहां उन्हें रिक्ति / छुट्टी रिक्ति के मामले में तैनात किया जाएगा।
3. कार्य पर लिए जाने वाले अतिथि शिक्षक को एक अनुबंध (पचास रूपये के स्टाम्प पेपर) पर कराया जायेगा जिसमें विभिन्न शर्तों के अधीन चालू शैक्षणिक सत्र तक कार्य करने एवं कार्य दायित्वों का उल्लेख होगा। अनुबंध एक शैक्षणिक वर्ष या रिक्ति अवधि (मातृत्व अवकाश या बाल देखभाल अवकाश या 30 दिनों से अधिक की कोई अन्य लंबी छुट्टी) तक या नियमित पदधारी के स्पष्ट रिक्ति के मामले में शामिल होने तक, जो भी पहले हो, तक वैध होगी।
4. अतिथि शिक्षक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में नियमित पदस्थापना के लिए दावा नहीं करेंगे।

**9. पारिश्रमिक दर :-**

पूर्णकालिक अतिथि शिक्षकों को निम्नानुसार पारिश्रमिक दिया जाएगा:-

| Name of post | With qualification as per RR of NESTS | Without qualification as per RR of NESTS |
|---|---|---|
| P.G.T. | रु. 35000/- | रु. 31000/- |
| T.G.T. | रू. 33000/- | रू. 29000/- |

**10. सामान्य निर्देश :-**

**(अ) अतिथि शिक्षकों हेतु :-**

i. अतिथि शिक्षकों की सेवाएं बिना कोई कारण बताए किसी भी समय केवल 15 दिनों की पूर्व सूचना देकर समाप्त की जा सकती हैं।

ii. अतिथि शिक्षकों के कार्य के घंटे नियमित शिक्षकों के समान होंगे।

अतिथि शिक्षकों के कर्तव्य और जिम्मेदारियां नियमित शिक्षक / पदधारी के समान होंगी। नियमित कक्षा गतिविधि, प्रतिलिपि सुधार, निरीक्षण कर्तव्य, मूल्यांकन कर्तव्य, छात्रों को विभिन्न साहित्यिक, सह पाठ्यचर्चा, खेल गतिविधि अनुरक्षण कर्तव्य, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामांकन, प्राचार्य द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों आदि शामिल होंगे।

iii. अतिथि शिक्षकों को आवास उपलब्ध कराया जा सकता है यदि उपलब्ध हो (व्यक्तिगत / साझा करने के आधार पर) निःशुल्क जो उन्हें अनुबंध समाप्त होने के 7 दिनों के भीतर खाली करना होगा।

iv. एकलव्य विद्यालय में नियमित शिक्षक / पदधारी के शामिल होने के मामले में, जहां अतिथि शिक्षक कार्य कर रहा है, अतिथि शिक्षक को अन्य एकलव्य विद्यालय में तैनात किया जा सकता है, जहां उक्त रिक्ति मौजूद हो, बशर्ते अतिथि शिक्षक का प्रदर्शन संतोषजनक हो और अतिथि शिक्षक ने आवेदन पत्र में उस एकलव्य विद्यालय के विकल्प का प्रयोग किया। तथापि अतिथि शिक्षकों की कमी की स्थिति में अतिथि शिक्षकों की सहमति से किसी भी एकलव्य विद्यालय में पदस्थापना किया जा सकता है।

vii. अतिथि शिक्षक का नियुक्ति अस्थायी प्रवृत्ति का है जिससे छात्र हित में अध्यापन का कार्य लिया जावेगा। अतिथि शिक्षको से मात्र 31.03.2026 तक के लिए होगा किसी भी स्थिति में इसका विस्तार नहीं किया जावेगा। अतिथि शिक्षकों से कार्य लेनें का उददेश्य छात्रों के अध्यापन को एक निश्चित समय सीमा में शैक्षणिक कार्य पूर्ण करने का ही रहेगा।

vii. जिला स्तरीय समितियां शैक्षणिक वर्ष के लिए अतिथि शिक्षकों के पैनल बनाने की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगी।

**11. आवेदन करने हेतु सामान्य निर्देश:-**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। जिला स्तरीय समिति को अधिकार होगा कि वह विज्ञापन को किसी भी समय निरस्त कर सकता है या रिक्त पदों में से पूरे या आंशिक रूप से भर्ती कर सकता है। समिति को यह भी अधिकार होगा कि वह विज्ञापन की प्रक्रिया व शर्तों को आवश्यकता होने पर बिना किसी सूचना के संशोधन या परिवर्तन कर सकता है।
2. आवेदन पत्र में अपूर्ण / अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण जानकारी मूल अभिलेखों में त्रुटि पाये जाने पर आवेदन बिना सूचना के निरस्त कर दिया जावेगा।

क्रमशः

3. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन / सूचना जिले के actw.raigarh@gmail.com पर अपलोड कर सूचित किया जावेगा। किसी भी प्रकार की सूचना डाक के माध्यम से आवेदक को उपलब्ध नहीं करायी जावेगी।
4. किसी प्रकार की सिफारिश पाये जाने पर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी।
5. इस भर्ती के संबंध में किसी भी प्रकार का न्यायालीन क्षेत्राधिकार छत्तीसगढ़ राज्य होगा।

**12. अभ्यर्थियो द्वारा आवेदन करने की प्रकिया:-**

1. विज्ञापन के पदों पर आवेदन केवल ऑफलाईन स्वीकार किया जावेगा, जो जिला के वेब साईट actw.raigarh@gmail.com पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी रिक्त पदों के लिए पृथक-पृथक ऑफलाईन आवेदन कर सकता है।
2. भेजे जाने वाले समस्त दस्तावेज की प्रतिलिपि मूल अभिलेख से मिलान कर स्व-प्रमाणित होना चाहिए।
3. निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप में समस्त स्व-प्रमाणित अभिलेखों के साथ एक बंद बड़े लिफाफा में सील बंद कर जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक से या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाये। भेजे जाने वाले लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए अतिथि शिक्षक भर्ती हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2025-26 लिखा जाना अनिवार्य होगा।

**13 आवेदन संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ :-**

| क्र | विवरण | अभ्यर्थियों हेतु अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 03 सितम्बर 2025 |

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**परिशिष्ट एक**

**// अभ्यर्थियों के लिए मूल दस्तावेजों की सूची //**

1. हाई स्कूल सर्टिफिकेट की अंकसूची / प्रमाण-पत्र
2. हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट की अंकसूची/प्रमाण-पत्र
3. स्नातक की अंकसूची / प्रमाण-पत्र
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची / प्रमाण-पत्र
5. बी.एड. उत्तीर्ण की अंकसूची / प्रमाण-पत्र
6. CTET/TET उत्तीर्ण की अंकसूची / प्रमाण-पत्र
7. कार्य अनुभव का प्रमाण-पत्र (शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं का प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट-तीन के अनुसार)

सदस्य सचिव
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण,
आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति,
जिला-रायगढ़ छत्तीसगढ़

**परिशिष्ट - दो**

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अंशकालिन**
**अतिथि शिक्षक के अभ्यर्थी हेतु आवेदन पत्र-वर्ष 2025-26**

1. आवेदित जिले का नाम :----------------------------------------
2. संवर्ग का नाम शैक्षणिक संवर्ग :------------------------------
3. आवेदित पदनाम :----------------------------------------
4. नाम :----------------------------------------
5. लिंग (महिला/पुरुष/ट्रांसजेंडर) :----------------------------------------
6. पिता/पति का नाम :----------------------------------------
7. जाति/वर्ग :----------------------------------------
   (अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.व./ निशक्त/आर्थिक पिछड़ा/सामान्य)
8. जन्मतिथि :----------------------------------------
9. आयु (दिनांक 01.04.2025 को आयु) :-----------------------------------
10. पत्राचार का पूर्ण पता :----------------------------------------
   :----------------------------------------
   :----------------------------------------
   :----------------------------------------
11. मोबाईल नं. :----------------------------------------
12. ई-मेल आईडी :----------------------------------------
13. आधार नंबर है :-------------------------------------
14. शैक्षणिक योग्यता

| क्र | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक प्रतिशत में/ग्रेड | अध्ययन का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | High School | | | | | | | |
| 2 | Higher Secondry School | | | | | | | |
| 3 | Graduation | | | | | | | |
| 4 | Post Graduation | | | | | | | |
| 5 | B.Ed. | | | | | | | |
| 6 | CTET/TET | | | | | | | |
| 7 | Other | | | | | | | |

15. **अनुभव :**
   (अ) क्या आप एकलव्य आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक कार्य का अनुभव है हां/ नहीं

| क्र | संस्था का नाम | पदनाम | अवधि | | कुल अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | वर्ष | माह |
| | | | | | | |

16. पदस्थापना हेतु प्राथमिकता का क्रमः-
EMRS के विकल्पः-
1.---------------
2.--------------
3.-------------
4.-------------
5.-------------

**घोषणा पत्र**

मैं....................................... घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास में पूर्णतः सही है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी एवं मेरा आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा। जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा / रहूँगी।

दिनांक-----------
स्थान -----------

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**परिशिष्ट- तीन**

## कार्यालय का नाम
### फोन/ फैक्स नंबर

क्र------------ दिनांक------------

**(अनुभव प्रमाण पत्र (शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त संस्थाओं के लिए)**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु--------------------आत्मज श्री------------ जिला-------------------राज्य-----------------ने-------------------------- विद्यालय में---------------------पद पर---------------------विषय का दिनांक---- से---------------कुल-------------वर्ष-------------माह अध्यापन कार्य किया है। इस दौरान इनका कार्य व्यवहार संतोषजनक रहा।

प्राचार्य का हस्ताक्षर (दिनांक सहित)
नाम--------------------------
पद---------------------------
---------------------------

# कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला रायपुर (छ०ग०)

**कक्ष क्र. 37 कलेक्टोरेट परिसर, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-2433420**

क्रमांक/SS/772/आहे./विज्ञा./2025-26 — रायपुर, दिनांक 12/8/2025

## -: आया / हेल्पर / अटेडेंट पद हेतु विज्ञापन :-

भारत शासन के महत्वाकांक्षी योजना समावेशी शिक्षा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विकासखण्ड स्तर पर संसाधन स्त्रोत केंन्द्रों की स्थापना की गई है। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर का पत्र क्र. 1477 रायपुर दिनांक 24.10.2019 के तहत जिले के विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्रो में आया/हेल्पर / अटेडेंट की भर्ती की गई थी। वर्तमान में विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्र रायपुर शहर में रिक्त पद पर आया / हेल्पर /अटेडेंट को पूर्णतः अस्थाई रूप से रखा जाना है। इस हेतु अंतिम तिथि दिनांक 30.08.25 को सायं 05:00 बजे तक आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है। समग्र शिक्षा, जिला परियोजना कार्यालय रायपुर डाक से विलम्ब के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा, जिले द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् प्राप्त आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा। कार्यालय में सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। भर्ती हेतु रिक्त पदो का विवरण निम्नानुसार है :-

**-: भर्ती हेतु रिक्त पद का विवरण :-**

| क्र | पदनाम | प्रतिमाह मानदेय | स्वीकृत पद | कार्य स्थल का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आया / हेल्पर /अटेडेंट | 7000/- | 01 | विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्र रायपुर (शहरी) |
| कुल योग :- | | | 01 | |

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता (आया / हेल्पर / अटेडेंट पद हेतु) :-**

1. आया / हेल्पर /अटेडेंट हेतु न्यूनतम योग्यता हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. छत्तीसगढ़ी का ज्ञान होना अनिवार्य है।

**मानदेय :-**

1. आया/हेल्पर/अटेडेंट पद हेतु निश्चित एवं एकमुश्त मानदेय 7,000/- (अक्षरी- सात हजार रूपये मात्र) प्रतिमाह दिया जावेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी।

**नियम व शर्ते :-**

1. आवदेनकर्ता को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. आवेदनकर्ता को छत्तीसगढ़ी और हिन्दी भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है। जिससे छत्तीसगढ़ के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं बच्चों के पालको से समन्वय कर सके।
3. उम्मीदवारो को अनुबंध के आधार पर विशुद्ध रूप से अस्थाई एवं निर्धारित अवधि 10 माह के लिए रखा जायेगा। अतः आवेदक कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा को नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं करेगा।
4. अनुबंध के आधार पर अस्थाई रूप से कार्य कर रहा उम्मीदवार मानदेय वृद्धि और नियमितिकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नहीं होगा।
5. चयनित उम्मीदवार को एक अनुबंध करार पर हस्ताक्षर करना होगा और करार अनुबंध के उल्लंघन के मामले में अनुबंध रद्द माना जावेगा, जिसकी सूचना नहीं दी जावेगी और सेवा स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
6. आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट प्रचलित शासकीय नियमो के अनुसार लागू होगा।
7. चयनित उम्मीदवार को अस्थाई रूप से कार्य पर रखने संबंधी पत्र प्राप्त होने के पश्चात नियत तिथि तक कर्तव्य में उपस्थित होना पड़ेगा अन्यथा प्रावीण्य सूची में अगले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जावेगी और अलग से आवेदक को औपचारिक सूचना नहीं दी जावेगी।
8. समावेशी शिक्षा हेल्पर / आया/अटेडेंट को टी.ए./डी.ए. की पात्रता नहीं होगी।
9. अपूर्ण आवेदन/निर्धारित प्रारूप में गलत जानकारी को अस्वीकृत माना जावेगा।
10. कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा को विज्ञापन वापस लेने/चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ ही उपरोक्त कार्य अवधी में कार्य से संतुष्ट नहीं पाये जाने की स्थिति में एवं किसी भी अन्य विवाद की स्थिति में कार्य से पृथक करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा। इस स्थिति में किसी भी प्रकार का आवेदन/अपील विचारणीय व मान्य नही होगा। विवाद होने पर निर्णय का सम्पूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा के पास सुरक्षित होगा।

**आया/हेल्पर / अटेडेंट का कार्य दायित्वः-**

1. विकासखण्ड में चिन्हांकित विशेष आवश्यता वाले बच्चों की सूची एवं केस स्टडी, विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्र में सुनियोजित तरीके से संधारित करना।
2. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को थैरेपी प्रदान करने में थैरेपिस्ट एव बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा को सहयोग करना।
3. विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्र की साफ-सफाई एवं सहायक सामग्री रख-रखाव व उपयोग का सम्पूर्ण दायित्व वहन करना।
4. विद्यालय में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बी.आर.पी. के सहयोग से संसाधन स्त्रोत केन्द्र तक पहुंच बनाने में सहायता करना व अभिभावको को प्रेरित करना।
5. समय-समय पर समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में आवश्यतानुसार सहयोग प्रदान करना।
6. इसके अतिरिक्त कार्यालयों के निर्देशो पर अन्य कार्य करना।
7. राज्य/जिला/विकासखण्ड स्तर से सौपे गये अन्य कार्यों का निर्वहन।

**चयन प्रक्रिया :-**

1. कक्षा 10वीं के प्राप्तांक का 30%।
2. निर्धारित न्यूनतम योग्यता (कक्षा 12वीं) का 60%।
3. आवेदित पद पर कार्यानुभव का 10% अनुभव प्रमाण पत्र में कार्यालय का जावक क्र. अंकित होना चाहिए (प्रतिवर्ष पर 01 अंक अधिकतम 10 अंक)
4. चयन के समय किसी पद पर समान अंक के आवेदक होने स्थिति में जिस आवेदक की जन्मतिथि पहले की होगी उसका चयन किया जावेगा।
5. स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी।

**आवेदन जमा करने की प्रक्रिया :-**

1. आवेदन के सभी कॉलमो को दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर भरे।
2. आवेदन निर्धारित प्रारूप में तथा पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो निर्धारित स्थान पर चस्पा कर, स्वप्रमाणित करें।
3. सभी आवश्यक दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता (10वीं, 12वीं)/अन्य दस्तावेजो को स्वप्रमाणित कर संलग्न करें।
4. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र आवश्यक हो तो स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. संलग्न प्रमाण पत्रों को आवेदन पत्रों में उल्लेखित क्रम में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
6. आवेदन पत्र जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, द्वितीय तल कक्ष क्र. 37 कलेक्ट्रेट परिसर जिला रायपुर छ.ग. पिन कोड 492001 के नाम से स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से ही अंतिम तिथि 30.08.25 तक सायं 05:00 बजे प्रेषित किया जावे। कार्यालय में सीधे आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। निर्धारित अंतिम तिथि व समय पश्चात आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।
7. समग्र शिक्षा, जिला कार्यालय, डाक से विलम्ब के लिए जिम्मेदार नही रहेगा, जिला द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यता ही मान्य होगी। कार्यालय में सीधे आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा।
8. आवेदक को लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरो में आवेदित पद एवं पदस्थापना विकासखण्ड का नाम उल्लेखित करना अनिवार्य होगा।
9. आवेदन के साथ डाक टिकट चस्पा किया हुआ स्वयं का वर्तमान निवास का पता लिखा 02 लिफाफा संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
10. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेगें। अमान्य आवेदनो के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

